**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## वैश्विक खाद्य सुरक्षा पर दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

पंतनगर। 08 फरवरी 2023। विश्वविद्यालय के शोध निदेशालय द्वारा वैश्विक खाद्य सुरक्षा पर दो–दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन दिनांक 11 फरवरी 2023 से किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. मृत्युंजय महापात्र, महानिदेशक, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग होंगें। विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों, पंतनगर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपतियों सहित विभिन्न संस्थानों के उप महानिदेशक, विशिष्ट अतिथियों के रूप में शामिल होंगे।

निदेशक शोध, डा. अजीत सिंह नैन ने बताया कि सम्मेलन में अमेरिका, दक्षिण अफ्रीका, फ्रांस, सिंगापुर अन्य देशों के प्राख्यात वैज्ञानिकों, भारतीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों सहित विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति भी प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षणों में विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान, वैज्ञानिकों/अतिथियों के साथ परस्पर संवाद, अंतर्राष्ट्रीय भागीदारों के साथ गठबंधन स्थापित करने की संभावनाएं तथा अंतर्राष्ट्रीय परियोजनाओं हेतु वित–पोषण की संभावनाएं आदि होंगें। शोध निदेशालय के संयुक्त निदेशक तथा सम्मेलन के आयोजन सचिव डा. के.पी. सिंह ने बताया कि सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि द्वारा 11 फरवरी 2023 को प्रातः 9:00 बजे डा. रतन सिंह सभागार, पशुचिकित्सा महाविद्यालय में किया जायेगा जिसमें लगभग 350 संकाय सदस्यों, अतिथियों आदि के उपस्थित होने की संभावना है।